# बुलावा | By Puja Nathani

श्याम को याद ना आये चाहे श्याम को याद ना आये
हमें तो खाटू जाणा जी बुलावा आये या ना आये

जिनका जिनका आया बुलावा वो है किस्मत वाला
बिना बुलाये जाने वाला वो है प्रेमी पुराना
सभी का एक ठिकाणा जी बुलावा आये या ना आये
हमें तो खाटू जाणा जी बुलावा आये या ना आये

प्रेम अगर सच्चा हो तो जाओ बिना बुलाये
अपने क्यों शर्माए भक्तो देख के वो शर्माए
हमें तो नियम निभाणा जी बुलावा आये या ना आये
हमें तो खाटू जाणा जी बुलावा आये या ना आये

लाखों लाखों भगत हैं इसके शायद भूल ही जाए
गलती सबसे होती आई काहे अकड़ दिखाए
हमें तो याद दिलाना जी बुलावा आये या ना आये
हमें तो खाटू जाणा जी बुलावा आये या ना आये

बनवारी हम पूछ भी लेंगे हमसे बदल गए क्या
लाखों भक्तों के चक्कर में हमको भूल गए क्या
हमें तो प्रेम निभाणा जी बुलावा आये या ना आये
हमें तो खाटू जाणा जी बुलावा आये या ना आये

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%be-by-puja-nathani/